**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 14-05-2007**

**Participants : Singh Dr. Raghuvansh Prasad**

Title: The Minister of Rural Development laid a statement regarding status of implementation of recommendations in 18th Report of Standing Committee on Rural Development on Demands for Grants (2006-07), pertaining to the Department of Rural Development, Ministry of Rural Development.

**ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह)** : अध्यक्ष महोदय, मैं लोक सभा के दिनांक 01 सितम्बर, 2004 के बुलेटिन भाग II द्वारा जारी आपके निदेश के अनुसरण में ग्रामीण विकास (ग्रामीण विकास विभाग) से संबंधित स्थायी समिति (2006-07) (14वीं लोक सभा) की 18वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य सभा पटल पर रख रहा हूं।

ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति (14वीं लोक सभा) की 18वीं रिपोर्ट 18 मई, 2006 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) की वर्ा 2006-07 की अनुदान-मांगों की जांच से संबंधित है। समिति की रिपोर्ट में अंतर्विट सिफारिशों/टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 01 सितम्बर, 2006 को ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति को भेज दी गई थी।

उक्त रिपोर्ट में समिति द्वारा 43 सिफारिशें की गई थीं जहां सरकार की ओर से कार्रवाई करने की मांग की गई थी। ये सिफारिशें मुख्य रूप से स्व-रोजगार और मजदूरी रोजगार के सृजन की योजनाओं, ग्रामीण निर्धनों के लिए आवास का प्रावधान, ग्रामीण सड़कों, ग्रामीण ि वकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी और अन्य गुणवत्ता संबंधी जानकारी अर्थात् जिला ग्रामीण विकास एजेंसी प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए सहायता, प्रशिक्षण और अनुसंधान, मानव संसाधन विकास, कार्यक्रमों के उचित कार्यान्वयन के लिए स्वैच्छिक कार्य आदि के ि वकास से संबंधित मुद्दों के बारे में हैं।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति मेरे वक्तव्य के साथ संलग्न अनुबंध में दर्शाई गई है जिसे सदन के पटल पर रख दिया गया है। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि इसे पठित समझा जाए।

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 6516/2007